# राजस्थान सिविल सेवा अपील अधिकरण, जयपुर

**अपील संख्या :– 5482/2022**

गुंजन गर्ग **–अपीलार्थी**

**बनाम**

1. राजस्थान राज्य जरिये शासन सचिव, कॉलेज शिक्षा विभाग, राजस्थान सरकार, शासन सचिवालय, जयपुर।
2. आयुक्त, कॉलेज शिक्षा, जयपुर (राज.)।
3. प्राचार्य, राजकीय कॉलेज, गंगापुर सिटी, जिला सवाई माधोपुर।
4. आर.सी. वर्मा, कॉलेज व्याख्याता संस्कृत, राजकीय कॉलेज नंदौती, जिला करौली (राज.) अपीलार्थी के स्थान पर स्थानान्तरणाधीन।
5. हरगोविन्द कटारिया, अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी (शहर), गंगापुर सिटी, जिला सवाई माधोपुर (राज.)।

**–प्रत्यर्थीगण**

**प्रस्तुतिकरण की दिनांक** : 18.10.2022
**आदेश की दिनांक** : 25.11.2022

**उपस्थित –**
**अपीलार्थी की ओर से** : श्री पुष्पेन्द्र पाण्डेय, अभिभाषक

**समक्ष :– अनन्त भंडारी, सदस्य (न्यायिक)**
**शुचि शर्मा, सदस्य**

## आदेश

मामले की आवश्यक प्रकृति को देखते हुए राजस्थान सिविल सेवा (सेवा मामलों के लिए अपीलीय अधिकरण) अधिनियम–1976 की धारा–4ए के उपबन्ध में शिथिलता प्रदान करने की प्रार्थना स्वीकार कर अपील पर सुनवाई की गई। अपीलार्थी के विद्वान् अधिवक्ता ने अपील में संशोधित प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया, जिस पर बहस सुनी गई एवं शामिल मिसल कर रिकॉर्ड पर लिया गया।

अपीलार्थी के विद्वान् अधिवक्ता ने अपील में वर्णित तथ्यों को दोहराते हुए यह तर्क दिया है कि अपीलार्थी वर्तमान में सहायक आचार्य के पद पर राजकीय महाविद्यालय, गंगापुर सिटी, जिला सवाई माधोपुर में कार्यरत है। अपीलार्थी के विद्वान् अधिवक्ता का कथन है कि आलोच्य आदेश दिनांक 27.09.2022 (अनुलग्नक–1) के द्वारा अपीलार्थी का स्थानान्तरण वर्तमान पदस्थापन स्थान से राजकीय महाविद्यालय, नंदौती, जिला करौली किया गया है। उनका कथन है कि अपीलार्थी के पति भी राजकीय सेवा में गंगापुर सिटी में कार्यरत हैं। राज्य सरकार की स्थानान्तरण नीति के अनुसार यदि पति–पत्नी दोनों राजकीय सेवा में कार्यरत हों तो उनका स्थानान्तरण/पदस्थापन एक ही स्थान अथवा निकटस्थ स्थान पर

